



# डे-डेट 36

ऑयस्टर, 36 मिमी, एवरोज़ गोल्ड और डायमंड्स

ऑइस्टर पर्पेचुअल डे-डेट 36 में 18 कैरेट एवरोज़ सोना के साथ सफ़ेद मदर-ऑफ़-पर्ल, डायमंड-सेट डायल, हीरा जड़ित बेज़ेल और डायमंड-सेट प्रेसिडेंट (President) ब्रेसलेट है।




सीप डायल

# कुदरती सौंदर्य को उजागर करना

इसके डायल में 10 बैग्वेट-कट डायमंड मौजूद है। सीप कुदरती तौर पर रहस्यों और आश्चर्यों से भरा होता है। अपनी उत्पत्ति के आधार पर, यह गुलाबी, सफेद, काला या पीला हो सकता है। जिसे सीप के खोल से इसे निकाला जाता है उसके अनुसार इसका रंग, गहनता और संरचना अलग-अलग होती है।

रोलेक्स में, सीप को कभी कृत्रिम ढंग से रंगा नहीं जाता है। इसके बजाय, विशेष तकनीकी ज्ञान और कौशल का प्रयोग करके केवल इसकी कुदरती सुंदरता और को बढ़ाया जाता है और मौलिक रंगों को संजोया जाता है।

चूंकि सभी सीप डायल अपने आप में अनूठे होते हैं, इसलिए बिल्कुल एक जैसा डायल किसी दूसरी कलाई पर कभी नहीं मिलेगा।



डायमंड-जड़ित बेज़ेल

# एक आकर्षक सिंफ़नी

मूर्तिकारों की तरह, रत्न सेट करने वाले बहुमूल्य धातु को बारीकी से तराश कर उस स्थान को हाथ से आकार देते हैं जिसमें प्रत्येक रत्न त्रुटिहीन ढंग से बैठाया जाएगा। जौहरी की कला और शिल्प के साथ, रत्न को बैठाया और दूसरे नगों के साथ बहुत ध्यान से संरेखित किया जाता है, और फिर इसकी गोल्ड या प्लैटिनम सेटिंग में मज़बूती से लगा दिया जाता है।

नगों के अंतर्निहित गुणों के अलावा, कई अन्य कारक भी रोलेक्स की रत्न-जड़ने की सुंदरता में योगदान करते हैं: नगों की ऊंचाई का सटीक संरेखण, उनकी दिशा और पोज़ीशन, सेटिंग की नियमितता, मज़बूती और अनुपात तथा धातुकर्म की महीन फिनिशिंग। घड़ी को उन्नत और पहनने वाले को मंत्रमुग्ध करने वाली एक आकर्षक सिंफ़नी।



18 कैरट एवरोज़ सोना

# एक विशेष पेटेन्ट

अपनी पिंक गोल्ड घड़ियों की सुंदरता को बनाए रखने के लिए, रोलेक्स ने एक एक्सक्लूसिव 18 कैरट पिंक गोल्ड मिश्रधातु बनाई और पेटेन्ट कराई जिसे खुद उसके ढलाईखाने में ढाला गया था। एवरोज़ सोना।

2005 में प्रस्तुत, 18 कैरट एवेरोज़ का प्रयोग पिंक गोल्ड में सभी रोलेक्स ऑयस्टर मॉडलों में किया जाता है।



प्रेसिडेंट (President) ब्रेसलेट

# सर्वोत्तम तकनीकी

रोलेक्स ब्रेसलेट तथा क्लास्प का डिज़ाइन, विकास और उत्पादन, तथा उनकी कठोर जांचों में उन्नत उच्च प्रौद्योगिकी शामिल होती है।

और, घड़ी के सभी घटकों की तरह, मानवीय आंख द्वारा सौंदर्य पर नियंत्रण अचूक सुंदरता की गारंटी होती है। अर्द्ध-गोलाकार तीन-पीस लिंक्स वाला प्रेसिडेंट ब्रेसलेट 1956 में ऑइस्टर पर्पेचुअल डे-डेट के लॉन्च के लिए बनाया गया था। यह परिष्कार और सुविधा के उच्चतम स्तर को दर्शाता है इसे हमेशा ध्यानपूर्वक चुनी गई बहुमूल्य धातु से बनाया जाता है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण डे-डेट

संदर्भ 128345RBR

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 36 मिमी, एवरोज़ गोल्ड और डायमंड्स

**व्यास**
36 मिमी

**सामग्री**
एवरोज़ सोना

**बेज़ेल**
हीरा जड़ित

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइंडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
3255, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पैरामैग्नेटिक ब्लू पैराक्रोम हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर

**वाइंडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 70 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ, एपर्चर में तत्क्षण दिन और तारीख, असीमित तीव्र-सेटिंग। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

---

**प्रकार**
डायमंड-सेट प्रेसिडेंट (President)

**क्लास्प**
कन्सील्ड फ़ोल्डिंग क्राउन्सक्लास्प

**ब्रेसलेट सामग्री**
18 कैरेट एवरोज़ गोल्ड

## डायल

---

**प्रकार**
डायमंड्स से जड़ित व्हाइट मदर-ऑफ़-पर्ल

**रत्न-जड़ना**
10 बैग्वेट-कट डायमंड्स

## प्रमाणन

---

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX